दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 268 | इंदौर, शनिवार 08 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- **UP Nikay Chunav: मुस्लिमों पर सभी का फोकस, सपा-बसपा के अलावा BJP भी रुख भांपने में लगा रही एड़ी-चोटी का जोर**
- **Akanksha Dubey: भोजपुरी सिंगर समर सिंह को वाराणसी लेकर पहुंची पुलिस, आज कोर्ट में पेश किया जाएगा**
- **'दिल्ली से हरिद्वार 90 मिनट में': केंद्रीय मंत्री गडकरी का दावा- दिसंबर से शुरू होगा नया एक्सप्रेसवे**
- **COVID-19 in India: भारत में 24 घंटे में कोरोना के 6,155 नए केस, सक्रिय मामले 31 हजार से ज्यादा**
- **Jagdeep Dhankhar: 'कुछ लोग विदेशी जमीन पर बिगाड़ रहे देश की छवि', उपराष्ट्रपति धनखड़ का राहुल पर तीखा वार**

### एक साल बाद सरकार ने सुधारी बड़ी गलती

# सरकारी नौकरी में प्राथमिकता में 'डी' को हटाकर 'सी' सर्टिफिकेट का संशोधित आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। शासकीय नौकरी में प्राथमिकता के लिए नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) को लेकर की गई गलती सुधारने में सरकार को एक साल का समय लगा। दरअसल, सरकार ने सरकारी नौकरी में प्राथमिकता के लिए एनसीसी के 'डी' सर्टिफिकेट का एक आदेश जारी किया था। जबकि एनसीसी में 'डी' सर्टिफिकेट का प्रावधान ही नहीं है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकारी नौकरी में 'सी' सर्टिफिकेट को प्राथमिकता देने संशोधित आदेश जारी किया है। बता दें कि एनसीसी में सिर्फ 'ए' और 'सी' सर्टिफिकेट देने का प्रावधान है।



सरकार ने बीते साल 22 फरवरी 2022 को एक आदेश जारी किया था। इसमें एनसीसी के 'डी' सर्टिफिकेट का प्रावधान किया था। इस बीच संविदा कर्मचारी, आउटसोर्स, शिक्षा विभाग, पुलिस भर्ती, अग्निवीर समेत अन्य भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इन परीक्षाओं में एनसीसी सर्टिफिक्केट हासिल करने वाले छात्रों ने भी आवेदन किया। भर्ती नियमों में सरकार के जारी गलत आदेश का उल्लेख किया गया। लिहाजा मामले में कई शिकायतें भी दर्ज कराई गई थी। मामले में छात्र संगठनों ने भी विरोध दर्ज कराया था। अब सरकार ने संशोधित आदेश जारी किया है।

### मध्यप्रदेश में 90 हजार एनसीसी के कैडेट

एनसीसी के प्रशासनिक अफसरों ने बताया कि मध्यप्रदेश में 90 हजार कैडेट हैं। इसमें जल, थल और नभ तीनों एनसीसी के कैडेट शामिल हैं। इसके भी दो सर्टिफिकेट होते हैं। स्कूल में 9वीं कक्षा से सर्टिफिकेट 'ए' शुरू होता है। यह सर्टिफिक्केट दो साल की अवधि पूरी करने के बाद दिया जाता है। 'सी' सर्टिफिकेट कॉलेज के छात्रों को दिया जाता है। यह तीन साल का होता है। यह भी जरूरी नहीं है कि 'सी' सर्टिफिकेट के लिए 'ए' सर्टिफिकेट जरूरी हो। गलत आदेश मामले में एनसीसी ने भी सरकार से आपत्ति दर्ज कराई थी।

# सिंधिया बोले- माफी मांगने से कद बढ़ता है

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- पर कांग्रेसी यह नहीं समझेंगे, वे खुद को न जाने क्या समझते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर । ग्वालियर में एलिवेटेड रोड के सेकंड फेस राशि स्वीकृत होने पर धन्यवाद सभा में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेसियों को जमकर ललकारा है। सिंधिया ने कहा कि मैंने दो बात सीखी है। पहली बात माफी मांगने से बड़ा कोई काम नहीं होता। माफी मांगने से आप छोटे नहीं बल्कि कद बड़ा हो जाता है। पर यह बात कांग्रेसी कभी सीखेंगे नहीं। वहां तो लोग खुद को न जाने क्या समझते हैं। उन्होंने कहा दूसरी सीख है जीयो और जीने दो। कांग्रेसियों की तरह नहीं वो न अपनो को जीने देते हैं न ही दूसरों को जीने देते हैं।



शुक्रवार को ग्वालियर दो दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जमकर कांग्रेसियों को ललकारा है। शुक्रवार रात शहर के महाराज बाड़ा पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने धन्यवाद सभा को संबोधित किया है। यह सभा शहर को दिल्ली की रिंग रोड की तरह मिलने वाली 885 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली एलिवेटेड रोड के दूसरे चरण की राशि स्वीकृत होने पर की जा रही थी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के साथ मंच पर ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर, प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और काफी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे हैं।

#### ● महाराज बाड़ा की सुंदरता की तारीफ की

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने महाराज बाड़ा पर बनी इमारतों और उसकी सुंदरता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसा सौंदर्य कहीं नहीं मिल सकता। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि इसकी सुंदरता और बढ़ती जाए।

#### ● कांग्रेस 15 महीने की सरकार पर भरी बरसे

धिया ने मंच से यह कमल नाथ की 15 महीने की सरकार पर भी प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जब हम कांग्रेस की सरकार में थे तो विकास के लिए हमें पैसा मांगने पर जवाब मिलता था कि खजाना अभी खाली है। पर अब देखो विकास ही विकास हो रहा है।

# काम को मिली रफ्तार सड़क के एक तरफ का हिस्सा खोदा

**● बंगाली से बायपास तक 11.50 करोड़ रुपए में 2.71 किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क बनेगी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोक निर्माण विभाग ने होलकर प्रतिमा से बायपास के बीच सडक चौड़ीकरण का काम शुरू करवा दिया है। फिलहाल एक तरफ खुदाई की जा रही है और दूसरी तरफ का हिस्सा वाहनों की आवाजाही के लिए रखा गया है। सडक चौड़ीकरण का भूमिपूजन 18 मार्च को किया गया था। 11.50 करोड़ रुपए में 2.71 किलोमीटर लंबी यह सडक फोर लेन में बदली जा रही है। फिलहाल यह सडक कहीं टू लेन तो कहीं डेढ़ लेन चौड़ाई में बनी है।**

विभाग ने ठेकेदार को कहकर सडक पर एक नई लेन बनाने के लिए खुदाई शुरू करवा दी है। होलकर प्रतिमा से बायपास की तरफ अभी बायीं तरफ काम हो रहा है। इस ओर सडक बनने के बाद दूसरी तरफ काम होगा। तब नवनिर्मित लेन पर ट्रैफिक डायवर्ट कर दूसरी ओर काम किया जाएगा। अभी जिस हिस्से में काम हो रहा है, वहां अतिक्रमण, पेड़ और बिजली के खंभे, ट्रांसफॉर्मर आदि बाधक नहीं है। सूत्रों ने बताया कि 2023 में ही सडक निर्माण पूरा करने के लक्ष्य के हिसाब से काम हो रहा है। हालांकि, बारिश के दौरान खुदाई कर काम करना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि सडक के दोनों तरफ बड़ी संख्या में मकान और दुकानें बनी हैं।

## आरई-2 जंक्शन तक का काम प्राथमिकता से होगा

पीडब्ल्यूडी ने जिस सडक के चौड़ीकरण का ठेका दिया है, वह वाटर पार्क होते हुए बायपास तक बनना है। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया ने अफसरों को कहा था कि वे पहले मानवता नगर होते हुए बायपास तक जाने वाली सडक चौड़ी करें। बाद में वाटर पार्क वाली सडक का चौड़ीकरण करें। यदि अतिरिक्त राशि की जरूरत हुई, तो उसे भी विभागीय मंत्री गोपाल भार्गव से कहकर मंजूर करवा देंगे। जिन दो सडकों के चौड़ीकरण का पेंच उलझा था, उनका आरई-2 जंक्शन तक का रास्ता एक ही है। इसलिए विभाग वहां तक का चौड़ीकरण प्राथमिकता से करेगा। तब तक शासन स्तर पर यह भी तय हो जाएगा कि पहले वाटर पार्क वाली रोड बनेगी या मानवता नगर वाली सडक बनेगी?

# राजवाड़ा से ठेले वालों को हटाया तो खासगी का बगीचा के कुएं की मुंडेर से हटाया निर्माण

**राजवाड़ा, गोपाल मंदिर, इमामबाड़ा, पीपली बाजार में चली निगम की मुहिम**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम ने राजवाड़ा क्षेत्र में फूटपाथ तथा ठेलों के कारण ट्रैफिक जाम रहता है और पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसी को लेकर नगर निगम ने सुबह राजवाड़ा क्षेत्र से टैःफिक में बाधक पहुंचाने वाले ठेले पर व्यवसाय करने वालों को हटाकर रोड साफ किया। इसी प्रकार निगने कुएं तथा बावड़ी से अतिक्रमण हटाने के अभियान को जारी रखते हुए खासगी का बगीचा से निर्माण हटाया।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निर्देश पर नगर निगम की रिमूवल विभाग की चार टीम द्वारा राजवाड़ा, गोपाल मंदिर, इमामबाड़ा, पीपली बाजार, राजवाड़ा के आसपास क्षेत्र मे ठेले लगाकर तथा फुटपाथ व रोड पर अतिक्रमण, व्यवसाय कर यातायात बाधित करने वालों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 150 से अधिक लोगों को हटाया गया! इसके साथ ही क्षेत्र में एक टीम तैनात की गई है जोकि निरंतर रूप से उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं हो इस पर सतत निगरानी रखेगी

विदित हो कि राजवाड़ा, गोपाल मंदिर, इमामबाड़ा, पीपली बाजार, राजवाड़ा के आसपास क्षेत्र से पूर्व में निगम द्वारा हेरिटेज स्थल तथा अत्याधिक सघन आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए फुटपाथ पर बैठकर, ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले को हटाया गया था तथा इस क्षेत्र में रोड अथवा फुटपाथ पर कारोबार करने पर रोक लगाई गई थी, किंतु विगत दो-तीन दिन से फिर से उक्त क्षेत्र में फुटपाथ पर तथा ठेले लगाकर लोगों द्वारा व्यवसाय करना शुरू कर दिया गया था ! जिससे उक्त क्षेत्र का आवागमन प्रभावित हो रहा था! इस संबंध में विगत दिवस दिनांक 6 अप्रैल को आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह से मिलकर क्षेत्र के व्यवसायियों व संगठनों द्वारा कार्रवाई करने हेतु ज्ञापन भी दिया गया था! आयुक्त श्री सिंह द्वारा रिमूवल उपायुक्त श्रीमती लता अग्रवाल को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे!

## कुएं की मुंडेर पर किए गए निर्माण को हटाया

इसी प्रकार महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा शहर में सर्वे अनुसार जल स्त्रोत की सूची को संबंधित क्षेत्र के भवन अधिकारी व भवन निरीक्षक के माध्यम से मौका मुआयना व सर्वे कर, जल स्त्रोत पर किये गये निर्माण व अतिक्रमण को निगम द्वारा शहर हित व जनसुरक्षा व जनहित में हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में झोन क्रमाक 01 वार्ड क्रमांक 9 अंतर्गत भवन स्वामी ईशान मिश्रा के 32/54 खासगी का बगीचा स्थित मकान भवन निर्माण के दौरान कुएं की मुंडेर पर कॉलम का अवैध रूप से निर्माण किया गया था जिस पर आज नगर निगम की रिमूवल टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए कुएं की मुंडेर पर बनाए गए कॉलमो को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान भवन अधिकारी श्री विवेक जैन, भवन निरीक्षक श्री तन्मय सिंह, रिमूव्हल विभाग के अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# युवाओं को जोड़ने के लिए शाखाओं का विस्तार होना जरुरी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चुनाव और आरएसएस के आगामी कार्यक्रमों को लेकर इंदौर में मध्य क्षेत्र की बड़ी बैठक इंदौर में आयोजित की गई। इसमें मध्य भारत, महाकौशल, मालवा और छत्तीसगढ़ प्रांत के संघ पदाधिकारी और अनुषांगिक संगठनों के प्रमुख शामिल हुए है। आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही इस बैठक में भाग लेने के लिए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, शिव प्रकाश, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद सहित अन्य पदाधिकारी गुरुवार रात को ही इंदौर आ गए थे और शुक्रवार को दिनभर समन्वय बैठक में शामिल हुए।

एरोड्रम रोड स्थित केशव विद्यापीठ में आयोजित इस बैठक में पिछले दिनों हरियाणा के सोमलखा में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में हुए निर्णयों को अमल में लाने पर चर्चा की गई। संघ देश में शाखाएं बढ़ाने पर जोर दे रहा है। बैठक में कहा गया कि देश के युवा को जोडने के लिए शाखाओं का विस्तार होना जरुरी है। सरसंघ कार्यवाह मनमोहन वैद्य, अरुण कुमार, क्षेत्रसंघ कार्यवाह अशोक सोहनी ने चारों प्रांतों में संघ के संचालित प्रकल्पों पर चर्चा की। बैठक में बताया गया कि संघ के दो साल बाद 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। फिलहाल देशभर में 60 हजार से ज्यादा शाखाएं संचालित हो रही है। दो सालों में इसे एक लाख तक करने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यक्षेत्र के चारों प्रांतों में शाखाओं के विस्तार करने को कहा गया है।

## कुटुंब प्रबोधन के जरिए परिवारों को जोड़ेगा आरएसएस

बैठक में कुटुम्ब प्रबोधन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। इस प्रकल्प के जरिए संघ परिवारों को जोड़ रहा है। इसके तहत मोहल्ला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और परिवारों को टूटने से बचाने पर जोर रहेगा। संयुक्त परिवारों के बजाए एकल परिवारों का चलन बढने से भारतीय संस्कारों की बच्चों में कमी होने लगे है। संघ संयुक्त परिवारों के लिए जागृति लाएगा। बैठक में बाल गोकुलम संस्कार केंद्रों पर भी चर्चा हुई।

## मालवा प्रांत के कार्यालय को होगा उद्घाटन

बैठक में क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर में मालवा प्रांत कान नया कार्यालय तैयार हो रहा है। आगामी छह माह में यह तैयार हो जाएगा। इसका उद्घाटन संघ प्रमुख मोहन भागवत के हाथों करने की योजना संघ बना रहा है। उद्घाटन कब होगा, इसकी तिथि तय नहीं हुई है। अभी इंदौर अर्चना कार्यालय है। नया भवन पंथ वैद्य कॉलोनी में तैयार हो रहा है।

# किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील

**इंदौर।** कृषि विभाग ने किसानों से आग्रह किया है कि वे नरवाई को जलायें नहीं। नरवाई जलाने से जहाँ एक ओर आग लगने की आशंका होती है,वहीं दूसरी ओर पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। नरवाई जलाने की अपेक्षा अवशेषों और डंठलों को एकत्र कर जैविक खाद जैसे भू-नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट आदि बनाने में उपयोग किया जाए तो वे बहुत जल्दी सड़कर पोषक तत्वों से भरपूर स्वयं का जैविक खाद बना सकते हैं। खेत में कल्टीवेटर, रोटावेटर या डिस्क हेरो आदि की सहायता से फसल अवशेष भूमि में मिलाने से आने वाली फसलों में जीवांश खाद की बचत की जा सकती है। साथ ही पशुओं के लिए भूसा और खेत के लिए बहुमूल्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ने के साथ मिट्टी की संरचना को बिगडने से बचाया जा सकता है। कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम को सामान्य हार्वेस्टर से गेहूं कटवाने के स्थान पर स्ट्रारीपर एवं हार्वेस्टर का प्रयोग करें। खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के कृषि अपशिष्टों को जलाने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है।

# सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में लायब्रेरी स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** थेलेसीमिया पीडित बच्चों के लिए विगत 28वर्षो से सक्रिय संस्था थैलीसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप सेवा के साथ रचनात्मक गतिविधि भी कर रहा है ताकि पीडित बच्चों को चिकित्सा परामर्श ,दवाइयां के साथ इलाज भी मिले और स्वस्थ वातावरण भी। इसी कड़ी में ग्रुप ने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर में एक सुंदर सी लाइब्रेरी स्थापित की है ताकि पीडित बच्चों का ज्ञानवर्धन भी हो। ग्रुप प्रेसीडेंट डॉ. रजनी भंडारी ने बताया कि इस कार्य की अनुमति डॉ. प्रीति मालपानी से चर्चा करने के बाद ही इस बिना किसी औपचारिकता के शुरू किया । अब इस लायब्रेरी का लाभ खासकर वे बच्चे ले सकेंगे जो बीएमटी ट्रांसप्लांट के बाद हॉस्पिटल में करीब 1 माह तक भर्ती रहते है। इस कार्य के इंचार्ज सिस्टर हेड कल्पना उपाध्याय को बनाया। हॉस्पिटल के प्रेसिडेंट डॉ. सुमित शुक्ला कहते है निशित रूप से इन पुस्तकों को पढ़कर पीडित बच्चो को खुशी मिलेगी और हॉस्पिटल में भी खुश रहेंगे।

# इंदौर के लिए सर्वश्रेष्ठ मास्टर प्लान बनाने की पहल 30 अप्रैल तक हो

**30 साल बाद ऐसा इंदौर ना हो जो बारिश में डूब जाएं और जहां वाहन धीमी गति से चलने का कीर्तिमान बनाएं**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर उत्थान अभियान के द्वारा देश के सबसे स्वच्छ शहर में देश का सबसे श्रेष्ठ मास्टर प्लान बनाने के लिए सरकार से 30 अप्रैल तक गंभीर पहल करने का आग्रह किया गया है । इस संगठन के द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार मास्टर प्लान के लिए निवेश क्षेत्र की सीमा में वृद्धि करें । इंदौर के मास्टर प्लान को रीजनल प्लान के रूप में तैयार किया जाएं । हमें वर्ष 2050 में ऐसा इंदौर नहीं चाहिए जो बारिश में डूब जाए अथवा जहां वाहन धीमी गति से चलने का कीर्तिमान बनाएं । यदि सरकार के द्वारा 30 अप्रैल तक इंदौर के सर्वश्रेष्ठ मास्टर प्लान के लिए निवेश क्षेत्र की सीमा के निर्धारण की पहल नहीं की जाती है तो इस शहर के सम्मान के लिए इस शहर के नागरिकों के द्वारा आंदोलन की राह को चुना जाएगा ।

इंदौर उत्थान अभियान के द्वारा इंदौर शहर की चिंता पालने वाले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक बैठक का आयोजन श्री गोविंदराम सेक्सरिया इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में किया गया। इस बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, इंदौर के कलेक्टर इलैयाराजा भी शामिल हुए । बैठक के प्रारंभ में बैठक का संचालन कर रहे उद्योगपति अशोक बडजात्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछले दिनों शहरों के विकास के संबंध में दिए गए वक्तव्य का वीडियो प्रदर्शित किया । इसके बाद में इंदौर उत्थान अभियान के सूत्रधार तथा इंदौर के सर्वश्रेष्ठ मास्टर प्लान के लिए संघर्षशील समाजसेवी अजीत सिंह नारंग के द्वारा मास्टर प्लान के लिए अब तक की गई तैयारियों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। नारंग के द्वारा अपने प्रेजेंटेशन में बताया गया कि इंदौर का पहला मास्टर प्लान वर्ष 1918 में बना था । उस समय देश में कोई भी यह नहीं जानता था कि शहरी विकास का मास्टर प्लान भी होता है । उस समय पर देश का सर्वश्रेष्ठ शहरी विकास का मास्टर प्लान इंदौर का बना था । अब हम एक बार फिर चाहते हैं कि देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले इंदौर शहर में देश का सर्वश्रेष्ठ मास्टर प्लान बनाया जाएं । इंदौर का मास्टर प्लान रीजनल प्लान के रूप में तैयार किया जाना चाहिए । जिसमें धार, उज्जैन, महू, पीथमपुर, सांवेर, धामनोद, सोनकच्छ, बड़वाह, देवास, देपालपुर को भी शामिल किया जाएं ।

इस मास्टर प्लान में इस बात का प्रावधान किया जाए कि कोई भी सड़क 12 मीटर से कम चौड़ाई की नहीं बनाई जाएगी । आने वाले समय में होने वाले शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए 100 मीटर चौड़ी सड़क का प्रावधान किया जाएं ।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

# 43 लाख रुपये पर 95 लाख ब्याज दिया, फिर भी परेशान कर रहे सूदखोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** अधिक ब्याज पर रुपया उधार देकर वसूली करने की शिकायतों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। गत वर्ष जिले में 25 से अधिक लोगों ने शिकायत की थी तो इस वर्ष अब तक सूदखोरी के छह मामले आ चुके हैं। शनिवार को प्रिंटिंग प्रेस की दुकान संचालक नीलेशकुमार पुत्र माखनलाल जायसवाल निवासी जाटों का वास ने माणकचौक थाने पर आठ आरोपितों के खिलाफ शिकायत की है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपितों से अलग-अलग समय में कुल 43.25 लाख रुपया ब्याज पर लिया था। बदले में वह 95 लाख रुपया दे चुका है। इसके बाद भी सूदखोर उससे और अधिक ब्याज की मांग कर धमका रहे हैं।

पुलिस के अनुसार नीलेशकुमार ने शिकायत की है कि रुपयों की जरूरत होने पर उसने 15 सितंबर 2009 से 13 अगस्त 2018 के बीच मे अलग-अलग समय पर आरोपित बंशीलाल शर्मा पुत्र गंगाराम निवासी टाटा नगर से आठ लाख रुपये ब्याज से लिए थे, बदले में बंशीलाल को 17 लाख रुपये ब्याज सहित दे चुका है। मुकेश जैन पुत्र फूलचंद जैन निवासी स्टेशन रोड से पांच लाख लेने के बाद 11 लाख रुपये दे चूका है।

**● न्यायालय में केस लगाकर ब्याज सहित राशि वसूलेंगे**

मुकेश गांधी पुत्र नरेंद्र गांधी निवासी मोहन टाकीज के सामने से साढ़े पांच लाख रुपये के बदले साढ़े आठ लाख रुपये, प्रदीप पावेचा निवासी डालूमोदी बाजार को तीन लाख रुपये के बदले सात लाख, संजय कटारिया व उसके भाई अनील कटारिया निवासी न्यू क्लाथ मार्केट को 18 लाख के बदले 46 लाख रुपये, सुनील मूणत निवासी दीनदयाल नगर को साढ़े पांच लाख रुपये के बदले साढ़े सात लाख रुपये, सुनीलकुमार परवाल निवासी वेद व्यास कालोनी को सवा तीन लाख रुपये के बदले साढ़े पांच लाख रुपये दे दिए हैं। सभी आरोपितों ने रुपयों के बदले जबरन कोरे चेक लिए थे। आरोपित ब्याज की अधिक राशि मांग कर धमकाते हैं कि रुपये नहीं दिए तो न्यायालय में केस लगाकर ब्याज सहित राशि वसूलेंगे।

आठों आरोपितों के खिलाफ भादवि की 384, 34 व मध्यप्रदेश ऋणियों का अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उनकी तलाश की जा रही है।

**- अनुराग यादव, थाना प्रभारी माणकचौक**

## टीकमगढ़ में दो ट्रकों की भिड़ंत, दोनों ही ड्राइवरों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ।** पृथ्वीपुर क्षेत्र में टीकमगढ़ झांसी रोड पर दो ट्रकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों ही ट्रकों के ड्राइवरों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पृथ्वीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवरों के शवों को ट्रकों से निकलवाकर पीएम के लिए भेजा है। घटना में एक ट्रक का क्लीनर भी घायल हुआ है।

घटनाक्रम के मुताबिक टीकमगढ़ से झांसी की ओर जा रहे ट्रक में गेंहू भरा हुआ था ओर झांसी की ओर से आ रहे ट्रक में टावर की सामग्री लोड थी। दोनों ही ट्रक जब पृथ्वीपुर क्षेत्र में आए तो दोनों ट्रक सुबह आमने सामने से टकरा गए। टक्कर में टावर की सामग्री लेकर आने वाला ट्रक खंती में आधा लटक गया। चूंकि ट्रकों की भिड़ंत आमने सामने की थी। इसलिए दोनों ही ट्रकों के ड्राइवरों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ट्रक का क्लीनर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पृथ्वीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवरों के शवों को ट्रकों से निकलवाकर पीएम के लिए भेजा है। साथ ही क्लीनर को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पता लगा रही है कि किन परिस्थितियों में ट्रक आमने सामने से टकराए हैं।

### भाजपा नेता आलोक शर्मा बोले

## मंदिरों में दूसरे संप्रदाय के लोगों को क्यों आने देते हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। चुनावी वर्ष में भाजपा-कांग्रेस के नेताओं ने बयानबाजी की बौछार शुरू कर दी है। हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को काली घाट मंदिर से निकलने वाली शोभा यात्रा को संबोधित करते भोपाल के पूर्व महापौर और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने विधायक आरिफ मसूद पर बयान दिया। उन्होंने मंच से कहा कि जब कोई अपने समुदाय के समारोह में आपको आने नहीं देता, तो आप उन्हें क्यों बुलाते हो? इतना ही नहीं शर्मा बोले कि कोई असूद नहीं, मसूद नहीं। यह हमारा हिन्दू समाज है। सनातन धर्म को मानते हैं। मंदिर में किसी दूसरे संप्रदाय को आने दोगे क्या? क्या वो आपको बुलाते हैं?जवाब मिला नहीं। फिर शर्मा ने कहा कि हमारे इतवारे में कुचबंदिया समाज है, जो हिन्दू समाज का मुख्य अंग है। हिन्दू समाज कुचबदिया समाज के साथ खड़ा है।**

आलोक शर्मा के बयान का वीडियो शुक्रवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ। इसकी प्रतिक्रिया देने में कांग्रेस कहां चुप बैठती। इंटनेट मीडिया पर कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि हनुमान जयंती पर भोपाल के पूर्व महापौर आलोक शर्मा का वीडियो क्या प्रेम का संदेश देता रहा है? यही यह बयान किसी कांग्रेसी ने दिया होता तो पर रासुका लगा दी जाती। हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा को काजीकैम्प से निकलने से मना किए जाने पर आलोक शर्मा भड़क उठे। उन्होंने इसी बात को लेकर हनुमान जन्मोत्सव में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को अपने (हिन्दुओं) के कार्यक्रमों में न आने देने की बात कही। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा के बयान पर कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हाफिज बोले कि शर्मा भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को बांट रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व आलोक शर्मा को आमंत्रित करता हूं कि वो मस्जिद में आएं।

## सरगना से साल्वर तक उप्र व बिहार के, पूरा सिस्टम रोकने में नाकाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर । ग्वालियर परीक्षा फर्जीवाड़े के लिए बदनाम होता जा रहा है। फरवरी से अभी तक करीब दो माह में चार परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। यह फर्जीवाड़े पकड़े तो ग्वालियर में गए, लेकिन सरगना से साल्वर तक उप्र और बिहार के निकल रहे हैं। परीक्षाओं से जुड़ा फर्जीवाड़ा करने वाले उप्र और बिहार के गैंग का साफ्ट टारगेट ग्वालियर है, क्योंकि यहां पूरा सिस्टम ऐसे लोगों को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। पुलिस ऐसे लोगों को पकड़ तो रही है, लेकिन इसकी जड़ तक नहीं पहुंच रही, इसलिए लगातार ऐसे फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं।**

**इन मामलों के फर्जीवाड़े में यह हाल**

**बीएड परीक्षा फर्जीवाड़ा**

बीएड परीक्षा में ग्वालियर के साइंस कालेज और वीआरजी कालेज में परीक्षा देते तीन साल्वर पकड़े गए। तीनों साल्वर बिहार के थे, जिन्होंने 20 से 25 हजार रुपये में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दी।

**डीएलएड परीक्षा फर्जीवाड़ा**

डीएलएड परीक्षा में भी साल्वर पकड़ा गया। इसमें मुरैना से साल्वर 5 हजार रुपये में परीक्षा देने आया था। गोरखी स्कूल से यह साल्वर पकड़ा गया था। जिससे पूछताछ की गई थी।

**● एनएचएम पर्चा लीक कांड**

सात फरवरी को ग्वालियर के टेकनपुर में कृष्णा होटल से 8 आरोपित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा का पर्चा लीक कराने के मामले में पकड़े। इस गैंग का सरगना उप्र के प्रयागराज का पुष्कर पांडे था, जिसने पेपर लीक से लेकर पेपर बेचने तक का षड़यंत्र रचा।

**● पटवारी भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़ा**

थंब इंप्रेशन का क्लोन बनाकर साल्वर को बैठाने की तैयारी कर रहे चार लोग पकड़े गए। इसमें एक साल्वर पकड़ा गया, इसका नाम कृष्णवीर सिंह था। वह उप्र के आगरा का रहने वाला था और उप्र पुलिस में सिपाही है। कमजोर विवेचना, साक्ष्य न होने से जमानत पर छूट रहे आरोपित : लगातार परीक्षाओं से जुड़े फर्जीवाड़े पकड़े जा रहे हैं। लेकिन ग्वालियर पुलिस की कमजोर विवेचना की वजह से साक्ष्य नहीं मिल रहे। यही वजह है, अब आरोपित जमानत पर छूटते जा रहे हैं। यहां तक कि एनएचएम परीक्षा लीक कांड के मुख्य सूत्रधार भी छूट गए। पुलिस इसमें आरोपित तो पकड़ रही है, लेकिन सबसे ज्यादा जो खामी है, वह डिजिटल साक्ष्य न जुटाने की है। इसका फायदा आरोपितों को मिल रहा है।

## मौसेरे भाई-बहन को रस्सी से बांधकर पीटा, तीन ग्रामीणों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा । मौसेरे भाई-बहन को रस्सी से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने खटिया पर बैठकर दोनों को साथ में बात करता देख पीट दिया। रिश्तेदारों के आने तक ग्रामीण दोनों को बेरहमी से पीटते रहे। रिश्तेदारों ने ग्रामीणों से दोनों की जान बचाई। बताया जाता है कि शंका होने पर ग्रामीणों ने दोनों को बांधकर पीटा। पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया। घटना पिपलौद थाना क्षेत्र के ग्राम बामंदा की है। ग्राम झारीखेड़ा निवासी 21 वर्षीय बिहारीलाल पुत्र बाबूलाल काजले की मौसी की लड़की कलावती की शादी ग्राम बामंदा के रमेश से हुई है। तीन अप्रैल को बिहारीलाल अपनी मौसेरी बहन कलावती से मिलने उसके गांव बामंदा पहुंचा।**

बिहारीलाल का कहना है घर में बहन अकेली थी, जीजा रमेश घर पर नहीं थे। इसके लिए वह बहन के साथ घर के बाहर आंगन में खटिया पर बैठ गया। दोनों भाई-बहन आपस में बात कर रहे थे। इस बीच गांव में रहने वाला रामदास पुत्र मंगतू, दयाराम पुत्र टीकाराम और ईश्वर उर्फ हन्नू कुछ लोगों को साथ लेकर आया। आरोपितों ने उससे कहा कि तू रमेश की पत्नी कलावती के साथ क्यों बैठा है। वह कुछ बोलता इससे पहले आरोपित उसे गाली देकर मारपीट करने लगे। आरोपितों ने बिहारीलाल और उसकी बहन कलावती के हाथ रस्सी से बांध दिए। इसके बाद दोनों के साथ मारपीट की। दोनों पर आरोपित बर्बरता करते रहे।

**● रिश्तेदारों ने आकर बचाया**

दोनों कहते रहे कि वे भाई-बहन हैं लेकिन आरोपित उनकी बात मानने की बजाय मारपीट करत रहे। इस दौरान गांव में रह रहे रिश्तेदारों को दोनों के साथ हो रही मारपीट की जानकारी मिली। उन्होंने आकर उनकी जान बचाई। इस मामले को लेकर पिपलौद थाना प्रभारी निरीक्षक एचएस रावत ने बताया कि बिहारीलाल ने अपने साथ हुई घटना को लेकर गुरुवार को थाने में शिकायत की गई है। शिकायत के आधार पर आरोपित रामदास, दयाराम और ईश्वर पर केस दर्ज किया। आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मारपीट में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है।

## संपादकीय

# सिर्फ सजग का विकल्प

कोरोना विषाणु की प्रकृति किस तरह एक स्वरूप में स्थिर नहीं है और इसके बदलते और नए बहुरूपों से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक सुचिंतित नीति की जरूरत है। यही वजह है कि बीच में कोरोना विषाणु की मारक क्षमता का जोर कम होने, टीकाकरण और अन्य स्तर पर व्यापक उपाय करने जैसी स्थितियों के बावजूद सरकार ने इस पर गहरी नजर रखी और इससे बचाव को लेकर समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे। इसके बावजूद हकीकत यह है कि कोरोना के बहुरूपों ने दुनिया भर में बचाव के उपायों को लेकर सिर्फ सजग रहने का ही विकल्प छोड़ा है। किसी भी त्रासदी का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में लोग उससे बचने के लिए जितना भी संभव हो सके, वह सब करें। पिछले तीन साल के दौरान कोरोना विषाणु से उपजी महामारी की मार का जैसा दुखद अनुभव रहा है, उसमें यह वक्त की जरूरत है कि सरकार, सभी अस्पताल, संस्थान से लेकर आम लोग तक, अपनी ओर से हर स्तर पर सावधानी बरतें। फिलहाल यह चिंता इसलिए भी सता रही है कि बीते कुछ दिनों से एक बार फिर कोरोना के संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि अभी सरकार की ओर से यह कहा गया है कि इसे लेकर अनावश्यक भय फैलाने की जरूरत नहीं है, मगर सतर्क रहना चाहिए। इसे एक उचित सलाह माना जाना चाहिए, क्योंकि किसी भी स्थिति में बीमारी या कोई अन्य त्रासदी के वक्त डरने के बजाय सबसे ज्यादा जरूरत धीरज के साथ उसका सामना करने की होती है। अगर समझ-बूझ के साथ उससे निपटने के इंतजाम किए जाएं, लोग अपनी तरफ से विषाणु से बचाव के सभी तौर-तरीके अपनाएं तो कोई कारण नहीं कि इसके खतरों से पार पाना मुश्किल हो। लेकिन अगर बचाव के बजाय लापरवाही बरती गई तो याद किया जाना चाहिए कि शुरुआती दो साल में कोरोना के संक्रमण और उसकी मार ने दुनिया भर में कैसी त्रासदी पैदा की। गौरतलब है कि अकेले दिल्ली में बीते एक हफ्ते में कोरोना विषाणु के संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए और इसमें तेज बढ़ोतरी देखी गई है। देश के अन्य कुछ राज्यों में भी इसके संक्रमण से चिंता पैदा हो रही है। लेकिन इसका सामना करने के अन्य उपायों के समांतर अभी सबसे ज्यादा जरूरत इससे बचाव के उपायों के प्राथमिक तरीकों को लेकर सभी स्तर पर गंभीरता बरतने की है। इसके मद्देनजर ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को देश में कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कोविड से संबंधित जांच और जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोरोना से बचाव के लिए निर्धारित नियमों के पालन पर गंभीरता बरतने को लेकर भी बात हुई। खासतौर पर सभी राज्यों को स्वास्थ्य सुविधाओं और इससे संबंधित बुनियादी ढांचे को लेकर समीक्षा पर ध्यान देने को कहा गया। दरअसल, करीब तीन साल पहले जब इस महामारी की शुरुआत हुई थी, तब इस तरह की मुश्किल स्थिति अचानक पैदा होने की वजह से स्वास्थ्य के मोर्चे पर इसका सामना करने के मामले में कई स्तर पर गंभीर चुनौतियां खड़ी हुई थीं। हालांकि तब भी सरकार की ओर से ऐसे इंतजाम किए गए, जिसकी वजह से काफी हद तक हालात पर काबू पाया जा सका।

तेनालीराम

# हीरों का सच



**राजा कृष्णदेवराय के दरबार में तेनालीराम नाम के मंत्री थे, जो बड़े ही कुशल और समझदार थे। एक बार महाराज के सामने ऐसा मामला आया कि उनके लिए न्याय करना मुश्किल हो गया। ऐसे में तेनाली राम ने सूझबूझ से काम लिया और राजा की उलझन सुलझाई।**

हुआ यूं कि एक दिन नामदेव नाम का एक व्यक्ति राजमहल में आया और न्याय की गुहार लगाने लगा। राजा ने उससे पूछा कि तुम्हारे साथ किसने अन्याय किया है, तो नामदेव ने पूरी बात बताई। नामदेव ने बताया कि वो कल अपने मालिक के साथ कहीं जा रहा था, तो उसे रास्ते में एक पोटली मिली जिसमें दो चमकते हीरे थे। मैंने हीरे देखकर कहा कि मालिक इन हीरों पर राज्य का अधिकार है, इसलिए इन्हें राजकोष में जमा करा देते हैं। यह बात सुनकर मालिक भड़क पड़ा और बोला कि हीरे मिलने की बात किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसमें से

गवाहों की बात सुनकर महाराज ने सैनिकों को आदेश दिया कि इनके मालिक के घर की तलाशी ली जाए। तलाशी लेने पर दोनों हीरे मालिक के घर से मिल गए। इस बेईमानी के कारण उसे 1 हजार स्वर्ण मुद्राएं नामदेव को देने का आदेश दिया गया और 20 हजार स्वर्ण मुद्रा का जुर्माना भी लगाया गया। इस तरह तेनाली राम की होशियारी से नामदेव को न्याय मिला और वो राजा के दरबार से खुश होकर लौटा।

एक मैं रख लूंगा और एक तू रख लेना। यह बात सुनकर मेरे दिल में लालच आ गया और मैं अपने मालिक के साथ उनकी हवेली लौट आया। हवेली आकर मालिक ने मुझे हीरे देने से इनकार कर दिया। महाराज मुझे न्याय दीजिए।

नामदेव का दुखड़ा सुनकर, महाराजा ने तुरंत मालिक को दरबार में पेश होने का आदेश दिया। नामदेव का मालिक बहुत कपटी था। दरबार में आकर बोला कि महाराज यह बात सच है कि हमें हीरे मिले थे, लेकिन वो मैंने नामदेव को दे दिए थे। मैंने नामदेव को आदेश दिया था कि इन हीरों को राजकोष में जमा करा देना। नामदेव के मन में लालच है, इसलिए वह झूठी कहानियां बना रहा है।

महाराज बोले कि इसका क्या सबूत है कि तुम सच बोल रहे हो। नामदेव का मालिक बोला कि हुजूर आप बाकी के नौकरों से पूछ लीजिए, ये सभी वहां मौजूद थे। जब राजा ने अन्य तीन नौकरों से पूछा, तो उन्होंने भी यही कहा कि हीरे नामदेव के पास हैं। अब राजा बड़ी दुविधा में फंस गए। उन्होंने सभा खत्म कर दी और कहा कि फैसला कुछ समय बाद सुनाया जाएगा।

राजा ने भीतर अपने कमरे में अपने सभी मंत्रियों से सलाह मांगी। किसी ने कहा कि नामदेव ही झूठा है, तो कोई बोला कि नामदेव का मालिक दगाबाज है। राजा ने तेनाली राम की ओर देखा जो अब तक शांत खड़े थे। राजा ने पूछा तुम्हारा क्या विचार है तेनालीराम।

तेनालीराम बोले कि अभी दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा, लेकिन आप सभी को कुछ समय के लिए पर्दे की पीछे छुपना होगा। राजा इस मामले को जल्दी से जल्दी सुलझाना चाहते थे, इसलिए वह पर्दे के पीछे छुपने के लिए राजी हो गए।

अब शाही कमरे में सिर्फ तेनालीराम नजर आ रहे थे। उन्होंने अपने सेवक को आदेश दिया कि तीनों नौकरों को एक एक करके मेरे सामने पेश किया जाए। सेवक पहले नौकर को लेकर हाजिर हो गया। तेनालीराम ने उससे पूछा, "क्या तुम्हारे सामने तुम्हारे मालिक ने नामदेव को हीरे दिए थे।" गवाह ने हामी भरी। अब तेनालीराम ने उसे एक कागज और कलम देकर कहा, "तुम उस हीरे का चित्र बनाकर दिखाओ।" नौकर घबरा गया और बोला, "जब मालिक ने नामदेव को हीरे दिए, तब वो लाल थैली में थे।" तेनाली राम ने कहा, "अच्छा चलो तुम यही खड़े रहो।" इसके बाद दूसरे नौकर को बुलाने का आदेश दिया गया। दूसरे नौकर से भी तेनाली राम ने यही पूछा, "अगर तुमने हीरे देखे थे, तो उनका चित्र बनाकर दिखाओ।" नौकर ने कागज लेकर उस पर दो गोल-गोल आकृतियां बना दीं।

अब तीसरे नौकर को बुलाया गया, उसने कहा, "हीरे भोजपत्र से बने एक लिफाफे में थे, इसलिए मैंने उन्हें नहीं देखा।" इतने में महाराजा और बाकी मंत्री पर्दे से बाहर निकल कर आ गए। उन्हें देखकर तीनों नौकर घबरा गए और समझ गए कि अलग-अलग जवाब देने से उनका झूठ पकड़ा जा चुका है। वो राजा के पैरों में गिर पड़े और बोले कि उनका कोई कसूर नहीं है, बल्कि मालिक ने ही उन्हें झूठ बोलने को कहा था, नहीं तो जान से मारने की धमकी दी थी।

गवाहों की बात सुनकर महाराज ने सैनिकों को आदेश दिया कि इनके मालिक के घर की तलाशी ली जाए। तलाशी लेने पर दोनों हीरे मालिक के घर से मिल गए। इस बेईमानी के कारण उसे 1 हजार स्वर्ण मुद्राएं नामदेव को देने का आदेश दिया गया और 20 हजार स्वर्ण मुद्रा का जुर्माना भी लगाया गया। इस तरह तेनाली राम की होशियारी से नामदेव को न्याय मिला और वो राजा के दरबार से खुश होकर लौटा।

### ● कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यही शिक्षा मिलती है कि झूठ ज्यादा समय तक छिपा नहीं रह सकता। इसलिए, कभी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। साथ ही लालच का परिणाम हमेशा बुरा ही होता है।

## Highlights

1. **Apple has hidden Bitcoin whitepaper on every Mac computer, claims tech blogger**
2. **Hindenburg report on Adani seems targeted: Sharad Pawar**
3. **Drunk passenger tries to open emergency door of IndiGo flight**
4. **NIA seizes cash & drugs in Chennai in LTTE revival case**
5. **Pakistan needs to repay $77.5 bn debt to China, Saudi Arabia by 2026: Report**
6. **Putin's speech met with silence as he waits for people to clap; video viral**
7. **China announces drills around Taiwan after US Speaker-Tsai meeting**
8. **Draconian: Yechury on amended IT Rules for govt-related fake news**

# Ex-RBI governor Raghuram Rajan says banking system headed for more trouble



**NEW DEIHI, (Agency).** Raghuram Rajan — the former International Monetary Fund chief economist who predicted the global financial crisis more than a decade ago — warned that the banking system is headed for more turmoil after the rescues of Silicon Valley Bank and Credit Suisse.

Rajan, who was also governor of Reserve Bank of India, said a decade of easy money and a flood of liquidity from central banks has caused an "addiction" and a fragility within the financial system as policy makers tighten policy.

"I hope for the best but expect that there might be more to come, partly because some of what we saw was unexpected," Rajan said in an interview in Glasgow. "The entire concern is that very easy money (and) high liquidity over a long period creates perverse incentives and perverse structures that become fragile when you reverse everything."

His comments add to warnings that the troubles at SVB and Credit Suisse are indicative of deeper underlying problems in the financial system. While IMF chief economist in 2005, Rajan gave a prescient warning on the banking sector ahead the global financial crisis in a Jackson Hole speech that prompted former US Treasury Secretary Larry Summers to call him a "luddite." Rajan, now a professor at University of Chicago Booth School of Business, also won acclaim for his handling of the Indian economy while leading its central bank from 2013 to 2016.

Bank shares slumped following the crises at SVB and Credit Suisse but central banks have pushed ahead with policy tightening to rein in inflation.

# IMF chief expects less than 3% global economic growth in 2023

**NEW DEIHI, (Agency).** The International Monetary Fund chief said Thursday the world economy is expected to grow less than 3% this year, down from 3.4% last year, increasing the risk of hunger and poverty globally.

Kristalina Georgieva said the period of slower economic activity will be prolonged, with the next five years of growth remaining around 3%, calling it "our lowest medium-term growth forecast since 1990, and well below the average of 3.8% from the past two decades."

Georgieva said slower growth would be a "severe blow," making it even harder for low-income nations to catch up.

"Poverty and hunger could further increase, a dangerous trend that was started by the Covid crisis," she said.



Georgieva's comments at a Politico event at the Meridian International Centre come ahead of next week's spring meetings of the IMF and its sister lending agency, the World Bank, in Washington, where policymakers will convene to discuss the global economy's most pressing issues.

The annual gathering will take place as central banks around the world continue to raise interest rates to tame persistent inflation and as an ongoing debt crisis in emerging economies pushes debt burdens higher, preventing nations from developing.

Roughly 15% of low-income countries are already in debt distress, and another 45% face high debt vulnerabilities, according to the IMF.

Georgieva said high interest rates, a series of bank failures in the U.S. and Europe, and deepening geopolitical divisions are threatening global financial stability.

Given the economic projections, non-governmental organisations are calling for the IMF to allocate more funds to low-income countries through Special Drawing Rights, which are an IMF international reserve asset that can be exchanged for hard currency.

Chhattisgarh

# तीन किलो का आईईडी बरामद, विस्फोटक नष्ट करने के दौरान डीआरजी का जवान हुआ घायल, खतरे से बाहर

**नारायनपुर, (एजेंसी) नारायणपुर के थाना छोटेडोंगर के गांव परमपाल बांहकेर के जंगल में जवानों तथा आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की नियत से नक्सलियों द्वारा आईईडी लगाने की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई। जिस पर थाना छोटेडोंगर से डीआरजी और बीडीएस की टीम परमपाल के जंगलो की ओर रवाना हुई। बीडीएस टीम द्वारा एरिया की सर्चिंग के दौरान 3 किलो का आईईडी बरामद किया गया। जिसे नष्ट कर दिया गया।**




जब आईडी को नष्ट किया जा रहा था उसी दरमियांन धूल के कण डीआरजी के जवान अंजोरी राम बघेल के आंखों में लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल लाया गया बेहतर इलाज के लिए जगदलपुर रेफर किया गया। फिलहाल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की पुष्टि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने की है।

Uttarpradesh

## डिनर के बाद बेहोश हुआ परिवार, 2 साल की बेटी को लेकर प्रेमी संग बहू हो गई फुर्र

**पीलीभीत, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. यहां एक विवाहिता ने रात के खाने में नशीला पदार्थ मिलाया. फिर वो खाना पति और ससुराल जनों को खिला दिया. जिससे वे सभी बेहोश हो गए. इसके बाद विवाहिता अपने दो साल की बेटी को लेकर प्रेमी संग फरार हो गई. साथ ही वह अपने साथ गहने और कुछ नकदी भी ले गई. शुक्रवार की सुबह जब काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला को पड़ोसियों को शक हुआ. उन्होंने घर के अंदर जाकर पाया कि सभी परिवार के 5 लोग बेहोशी की हालत में पड़े हैं. उन्होंने सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. जहां उनका इलाज जारी है. मामला माधोटांडा थाना क्षेत्र के गुलाब टांडा गांव का है. यहां सुशील कुमार अपने परिवार के साथ रहता है. सुशील ने अपनी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. उसने बताया कि 6 अप्रैल की शाम को घर से सभी लोगों ने खाना खाया, जिससे वे लोग बेहोश हो गए. खाना उसकी पत्नी ने ही बनाया था. उसी ने उसमें नशीला पदार्थ मिलाया. फिर जब पूरा परिवार बेहोश हुआ तो उसकी पत्नी 2 साल की बेटी को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई.



Rajasthan

## राजस्थान में दलित महिला के घर में घुस किया रेप, फिर केमिकल डाल लगा दी आग; बर्बरता का आरोपी शकूर गिरफ्तार

**बाड़मेर, (एजेंसी)** राजस्थान के बाड़मेर जिले में कथित रूप से रेप के बाद जला दी गई युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि जोधपुर की एक अस्पताल में युवती का इलाज चल रहा था। इस घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी की पहचान शकूर खान के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतका के पति ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। पति के अनुसार, गुरुवार सुबह को वह अपने काम पर चला गया था। घर के बच्चे भी स्कूल चले गए थे। घर में पत्नी अकेली थी। पति के अनुसार, आरोपी शकूर खान घर में किसी के ना होने का फायदा उठाकर घर में घुसा और उसकी पत्नी के साथ रेप किया। इस दौरान पड़ोसियों ने उसकी चिल्लाने की आवाज सुनी और बचाने के लिए दौड़े।

Uttarpradesh

# बलरामपुर में भीषण हादसा, ट्रक से टकराई कार, पति-पत्नी और 4 बच्चे समेत 6 की मौत

**बलरामपुर, (एजेंसी)** यूपी के बलरामपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। चालक को झपकी आने से स्विफ्ट डिजायर कार ट्रक से टकरा गई। कार में सवार दंपत्ति व चार बच्चों समेत छह लोगों की मौत हुई है। दुर्घटना श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंडा उतरौला मार्ग स्थित देवरिया बिशंभरपुर के निकट हुई है।



पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि ग्राम वनकुल, थाना श्रीरामपुर जिला देवरिया निवासी 40 वर्षीय सोनू साहू परिवारी जनों के साथ कार से नैनीताल गए थे। लौटते समय देवरिया बिशंभरपुर के निकट उनकी कार ट्रक से टकरा गई। कार सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक की जेब में आधार कार्ड पाया गया जिससे उनकी पहचान हो सकी।

श्रीदत्तगंज के प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय हमराहियों के साथ गश्त पर थे। उन्होंने क्षतिग्रस्त कार को देखा तो दुर्घटना की आशंका हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा ध्वस्त हो गया था। एसपी ने बताया कि आधार कार्ड में मिले फोन नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए में भेजा गया है।

खेल

# आईपीएल का पहला 'एल-क्लासिको' आज, मुंबई की पलटन के सामने धोनी के सुपर किंग्स की चुनौती

**नई दिल्ली, (एजेंसी) आईपीएल 2023 के 12वें मुकाबले में आज पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। इस मैच को आईपीएल का 'एल क्लासिको' भी कहा जाता है, क्योंकि दोनों लीग की सबसे सफल टीमें हैं। एल क्लासिको स्पेनिश शब्द है, जिसका मतलब होता है उत्कृष्ट। स्पेनिश फुटबॉल में बार्सिलोना-रियल मैड्रिड के मैच को एल क्लासिको कहा जाता है, क्योंकि दोनों ला लीगा की सबसे सफल क्लब हैं।**




हिटमैन रोहित शर्मा एक बल्लेबाज और कप्तान के रूप में आईपीएल-16 में बेहतर करने को बेताब हैं। मुंबई को पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से हार का सामना करना पड़ा था। वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मुंबई जीत की पटरी पर लौटने को भरसक प्रयास करेगी। हालांकि, घरेलू दर्शकों के आगे टीम पर अतिरिक्त दबाव होगा।

आंकड़ों की बात करें तो दोनों टीमें अब तक कुल 34 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इनमें से 20 मैच मुंबई और 14 मैच चेन्नई ने जीते हैं। वहीं, मुंबई के वानखेड़े में दोनों टीमें 10 बार भिड़ चुकी हैं। सात मुकाबले मुंबई और तीन मैच चेन्नई ने जीते। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों की बात करें तो मुंबई ने तीन और सीएसके ने दो मैच जीते हैं।

मुंबई के कप्तान रोहित पिछले कई सत्रों से अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। वह शुरुआत तो अच्छी कर रहे हैं, लेकिन उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पा रहे हैं। सूर्यकुमार यादव कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। टीम को पहले मैच के बाद एक हफ्ते का आराम मिला है और इस दौरान टीम ने अपनी कमियों पर मंथन भी किया होगा।

आरसीबी के खिलाफ युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अच्छी पारी खेली थी। निहाल बढेरा भी अपने पहले मैच में अच्छा करने में सफल रहे थे। टीम को बल्लेबाजी में संयुक्त प्रयास की जरूरत होगी, खासकर शीर्ष क्रम को। आरसीबी के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के दौरान विराट कोहली के सामने मुंबई के गेंदबाज निष्प्रभावी रहे थे।

सिनेमा

## तेजस्वी प्रकाश 'नागिन 6' को कहेंगी अलविदा? एक एपिसोड के लिए चार्ज करती हैं भारी भरकम फीस



एकता कपूर की सुपरनैचुरल ड्रामा सीरीज नागिन 6 की लीड एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अब इसे बाय-बाय बोलने वाली हैं। वैसे, चर्चा ये भी है कि यह शो ही ऑफ एयर होने वाला है और नागिन 7 की तैयारी शुरू हो गई है। हालांकि, चैनल या एकता कपूर की ओर से इस पर अभी आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं कहा गया है। हाल में आई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि इस शो को अप्रैल में ही बंद किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेजस्वी को हर एपिसोड के लिए 2 लाख रुपये मिलते हैं, जो उन्हें टीवी इंडस्ट्री की सबसे महंगी अभिनेत्रियों में शुमार कराता है। अनीता हसनंदानी, महक चहल और उर्वशी ढोलकिया के अलावा सिम्बा नागपाल और प्रतीक सहजपाल भी शो का हिस्सा रहे हैं। नागिन 6 जब पिछले साल लॉन्च हुआ था कुछ अमेजिंग ट्विस्ट की वजह से इसकी टीआरपी आसमान छूने लगी थी और बिग बॉस की विनर तेजस्वी इसके जरिए छोटे पर्दे पर छा गईं। इससे तेजस्वी प्रकाश की फैन फॉलोइंग भी काफी बढ़ गई थी। हालांकि पिछले कुछ दिनों से शो की टीआरपी कम होने लगी है, जिसके चलते मेकर्स ने फरवरी में शो को बंद करने का फैसला लिया था, लेकिन बाद में चैनल की तरफ से इसे एक महीने का एक्सटेंशन मिल गया था।

# ट्रक ड्राइवर की हत्या में 3 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बड़गोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम केलोद के जंगल में 31 मार्च को पुलिस को एक व्यक्ति का शव जंगल में मिला था। पुलिस जांच में मामला हत्या का सामने आया था, उसके बाद पुलिस हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।**

ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए बताया कि चार आरोपियों ने लूट के इरादे से ट्रक ड्राइवर का कत्ल किया था। मृतक की पहचान शिवशंकर तिवारी पिता रामनिवास तिवारी (55) ग्राम रघुरामपुर थाना कोहडोर उप्र के रूप मे पहचान हुई थी। ट्रक ड्राइवर की हत्या में आशु कौशल पिता ब्रह्मानंद कौशल (21), सोहन उर्फ सोनू पिता भीम सिंह डोंगरे (30), अनिल पिता भूरे सिंह गावड (30), जयपाल पिता भूरे सिंह गावड शामिल हैं। अभी एक आरोपी जयपाल पिता भूरे सिंह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसे पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी।

मामले का खुलासा करने से पहले पुलिस ने 8 टीमें बनाई और 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। घटना वाले दिन ही महेश्वर रोड पर एक ट्रक का एक्सीडेंट भी होना पाया गया था। जहां से ट्रक और माल बरामद हुआ, इसके बाद पुलिस को कुछ क्लू मिले। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में लिया उनसे पूछताछ की तो उन्होंने हत्या करना कबूल किया।इनका एक साथी अभी फरार है। मामले को सुलझाने में एडिशनल एसपी शशिकांत कनकने, डीएसपी दिलीप चौधरी, बडगोंदा टीआई कैलाश सोलंकी, मानपुर थाना प्रभारी अमित कुमार उपनिरीक्षक अजब सिंह यादव, साइबर सेल के रवि तिवारी की भूमिका रही।

# करोड़ों के गबन में हवलदार लुधियाना और उसकी गर्लफ्रेंड दिल्ली से गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में आर्मी माक्र्समैनशिप यूनिट में करोड़ों का गबन करने वाले क्लर्क हवलदार और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हवलदार शासकीय रुपए को अपने और अपनी गर्लफ्रेंड के खाते में डालता था। वह रुपए दोनों ने ट्रेडिंग में लगा दिए, जो की डूब गए। यह पूरा गबन दोनों ने कैसे किया और उसमें और कौन शामिल है? इसकी जांच की जा रही है।**

ग्रामीण एसपी हितीका वासन ने बताया कि आर्मी की माक्र्समैनशिप यूनिट के अधिकारियों ने कोतवाली थाने पर आवेदन दिया था। इसकी जांच में दो लोगों खिलाफ मामला दर्ज किया। आर्मी मार्कमैनशिप युनिट इन्फैंट्री स्कूल महू की शासकीय निधि से करीबन 1 करोड़ 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू शशि कांत कनकने, अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह चौधरी के निर्देशन में थाना प्रभारी देवेश पाल के नेतृत्व में थाना महू पुलिस स्टाफ की टीम गठित कर आरोपियों की तत्काल पतारसी के लिए आदेशित किया। इसकी निशान देही पर एक टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों के निवास स्थान लुधियाना पंजाब और आरोपी के परिजनों के घरों में जाकर दबिश दी।

आरोपियों को सूचना तंत्र के आधार पर आरोपी संतोष कुमार तिवारी को लुधियाना पंजाब और आरोपी दीपशिखा को पुलिस टीम ने रेडिसन ब्लू होटल दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी संतोष कुमार से पूछताछ कर एएमयू यूनिट की सार्वजनिक निधि खाते से छल पूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए स्वयं और अपनी साथी दीपशिखा के खाते में ट्रांसफर करना बताया।

## लूट के आरोपियों से 17 मोबाइल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजय नगर पुलिस ने मोबाइल लूट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों की की निशानदेही पर 17 मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह नशे की लत और अन्य शौक पूरे करने के लिए नशे की वारदातों को अंजाम देते थे। टीआई रवींद्र गुर्जर ने बताया कि गत दिनों आफिसर कालोनी में राह चलती युवती से एक्टिवा गाड़ी पर सवार तीन लड़कों द्वारा मोबाइल फोन लूट लिया था। मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो कई संदिग्ध नजर आए। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रूपेश उर्फ चंद्रशेखर पिता कृष्णकांत जोशी निवासी सिंगापुर टाउनशिप, सोहेल पिता सरवर खान निवासी संजीव मियां की हवेली राजस्थान,अमन पिता राजेश वर्मा निवासी सिंगापुर टाउनशिप और कपिल पिता मदन उर्फ महेंद्र सिंह कदम निवासी खजराना को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में लूट की वादात कबूली और बताया कि वह लोग नशा करने के लिए रूपयों की आवश्यकता होने के कारण मोबाइल लूट करते थे। लूट की कई वारदात को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटे गए 17 मोबाइल बरामद कर लिए हैं।

## जेठ ने की मारपीट

**इंदौर।** एक महिला के साथ उसके जेठ ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरती पति कमलेश वर्मा (33) निवासी ग्राम अरनिया की शिकायत पर खुड़ैल पुलिस ने उसके जेठ बंटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति को समझा रही थी कि शराब मत पिया करो। इसी बात पर पति कमलेश से विवाद हो गया। वहां जेठ बन्टी आया और उनके साथ में गाली-गलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो पीट दिय। जेठ ने धमकी दी कि अगर फिर झगड़ा किया तो जान से मार दूंगा। इसी प्रकार खजराना में भी शराब के लिए मारपीट हो गई। सागर चौहान निवासी न्याय नगर एक्स. की शिकायत पर पुलिस ने आकाश और विकास के खिलाफ केस दर्ज किया है। सागर ने कि वह अपने दोस्तों के साथ मैदान में खड़ा हुआ था। तभी आरोपी वहां पर आए और उससे शराब पीने के लिए पांच सौ रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर मारपीट कर ईंट मार दी।

# शराबी पति के कारण दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक महिला ने आत्मदाह कर लिया। गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतका को उसका शराबी पति आए दिन प्रताड़ित करता था, जिसके चलते उसने आत्मदाह कर लिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति पर केस दर्ज किया है।**

घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार गत 3 मार्च को सुष्मीता पति सत्यनारायण सकवाल (27) निवासी ग्राम भोनखेड़ी थाना टिमरनी जिला हरदा म.प्र. हा.मु. 363 रिंग रोड़ स्कीम नं. 94 सेक्टर जी पिपल्याहाना ने खुद को आग लगा ली थी। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। जांच के बा पुलिस ने उसके पति सत्यनारायण पिता शिवनारायण निवासी ग्राम भोन खेड़ी थाना टिमरनी जिला हरदा म.प्र. हा.मु. रिंग रोड़ स्कीम नं. 94 सेक्टर जी पिपल्याहाना के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जांच में पुलिस को पता चला कि मृतिका सुष्मीता को उसका पति सत्यनारायण शराब पीकर छोटी छोटी बातो को लेकर आये दिन लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करता रहता था तथा शारिरिक व मानसिक रुप से परेशान भी करता रहता था एवं मृतिका को मरने के लिये उत्प्रेरित करता था। जिसके कारण मृतिका सुष्मीता ने अपने पति सत्यनारायण की शारिरिक व मानसिक प्रताडन्ना से तंग आकर स्वयं को आग लगा ली जिससे उसके कुल्हा, गुदा व उसके आसपास तथा शरीर के अन्य हिस्सो में आग से जल गयी व मृत्यु हो गई ।

## कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**इंदौर।** एक्टिवा गाड़ी से जा रहे एक व्यक्ति को तेज गति में आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जंहा उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नंदानगर निवासी राजेश तोमर(55) शुक्रवार शाम करीब 5 बजे एक्टिवा से भंडारी ब्रिज के नीचे से अपने घर नंदानगर की ओर जा रहे थे तभी अंधगति से आ रही कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया इधर राहगीरों की मदद से घायल राजेश को एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत गंभीर बनी हुई है। परदेशीपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक लूटने वाले शातिर बदमाश पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े युवक से बाइक लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लूट की बाइक पर नंबर प्लेट निकालकर उसे चला रहे थे।

पुलिस के अनुसार 28 मार्च को मनोज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं मेरी मोटर सायकल से रंगवासा से काम कर केट रोड होता हुआ अपने घर माली मोहल्ला जा रहा था। रास्ते में दिग्विजय मल्टी के थोडा पहले पहुंचा, तभी रास्ते में लघुशंका के लिए रूका उसी समय मेरा फोन आया तो मैं मोटर सायकल पर बैठकर फोन पर बात करने लगा। मोटर सायकल चालू थी। इतने में पीछे से पैदल पैदल दो व्यक्ति आए। एक ने मुझे दो चांटा मार दिया जिससे मैं मोटर सायकल से गिर गया और दूसरे व्यक्ति पत्थर उठाकर मेरी तरफ लपका जिससे मैं डरकर पीछे भागा तो दोनों व्यक्ति मेरी मोटर सायकल मुझसे छीनकर भाग गए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। आरोपियों की तलाश फुटेज व पुराने अपराधियों से पूछताछ की। फुटेज व मुखबिर सूचना के आधार पर सूरज पडयार निवासी दिग्विजय मल्टी व राहुल चौहान निवासी सदर को पकड़कर बारीकी से पूछताछ की गई तो उन्हें उक्त मोटरसाइकिल लूटने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर उक्त आरोपी सूरज की निशानदेही पर उसके घर से बिना नंबर प्लेट लगी लूटी गई मोटर सायकल बरामद की। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से अन्य वारदातों आदि के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।